# गुरुग्राम को मिला अत्याधुनिक टावर ऑफ जस्टिस, सीजेआई सूर्यकांत ने किया लोकार्पण

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- ईज ऑफ जस्टिस की सहभागिता से देश बनेगा विकसित राष्ट्र

केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल सहित हाईकोर्ट के न्यायाधीश व अधिकारी मौजूद रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण न्यायिक परिसर का निर्माण हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सरकार की सक्रिय सहयोगिता के फलस्वरूप हरियाणा में न्यायिक परिसर का ढांचागत विकास सुदृढ हो रहा है और टॉवर ऑफ जस्टिस जैसे न्यायिक भवन न्याय प्रक्रिया को सौहार्दपूर्ण वातावरण देने में सहभागी बनेंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत रविवार को गुरुग्राम में टॉवर ऑफ जस्टिस के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

■ देश के मुख्य न्यायाधीश ने वर्चुअल माध्यम से नूंह के तावडू व पुन्हाना न्यायिक परिसर का शिलान्यास भी किया

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार को गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, जस्टिस विक्रम नाथ, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा, जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी, अध्यक्ष बिल्डिंग कमेटी, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक सिब्बल व जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की गरिमामयी उपस्थिति में 'टावर ऑफ जस्टिस' न्यायिक परिसर का लोकार्पण किया।

साथ ही उन्होंने गुरुग्राम लोकार्पण समारोह से ही वर्चुअल माध्यम से नूंह जिला के तावडू व पुन्हाना न्यायिक परिसर का शिलान्यास भी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य ने टॉवर ऑफ जस्टिस निर्माण में अपना योगदान देने वाले श्रमिकों को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका सम्मान किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि आज का अवसर मेरे लिए विशेष है। जनवरी 2017 में, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रहते हुए, मुझे इस न्यायिक परिसर का भूमि-पूजन करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, जो कभी मुख्यतः कृषि के लिए जाना जाता था, वह आज उद्योग, नवाचार और निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आज फार्च्यून 500 की आधे से अधिक कंपनियों के क्षेत्रीय कार्यालय, 1500 से अधिक भारतीय कंपनियां और स्टार्ट-अप्स यहां कार्यरत हैं।

## संविधान की मर्यादा का केंद्र : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम में निर्मित अत्याधुनिक 'टावर ऑफ जस्टिस' न्यायिक परिसर संविधान की मर्यादा, न्यायपालिका की गरिमा और नागरिकों के न्याय पर अटूट विश्वास का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जिस भवन की आधारशिला रखी गई थी, उसका लोकार्पण आज भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के कर कमलों से होना एक प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक संयोग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ-साथ 'ईज ऑफ जस्टिस' को भी समान महत्व देना होगा।

## न्यायिक परिसर में 56 कोर्ट व अन्य सुविधाएं




टावर ऑफ जस्टिस में कुल 56 न्यायालय, अत्याधुनिक न्यायिक सेवा केंद्र, सम्मेलन कक्ष, वादकारियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र, महिला एवं पुरुष लॉक-अप, सर्वर एवं सीसीटीवी कक्ष, क्रेच और मातृ एवं शिशु देखभाल कक्ष जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में अलग से एस्केलेटर ब्लाक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सीसीटीवी नेटवर्क, लैन सिस्टम और निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी की गई है, जिससे न्यायिक कार्यवाही अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और तकनीक आधारित बन सकेगी। 530 वाहनों की पार्किंग क्षमता बताया कि परिसर में 530 वाहनों की पार्किंग क्षमता (130 मुख्य भवन एवं 400 मल्टीलेवल बेसमेंट पार्किंग), अधिवक्ताओं के लिए बार रूम, बार लाइब्रेरी, कैंटीन, सार्वजनिक भोजनालय, जजों के लिए डाइनिंग एरिया, जिम, कॉपींगि एजेंसी और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## हरियाणा वैश्विक नॉलेज इकोनॉमी हब के रूप में विकसित होगा: सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ मुख्यमंत्री ने गुरु जंभेश्वर विवि में छात्रों को संबोधित किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य को वैश्विक नॉलेज इकोनॉमी हब के रूप में विकसित करने के लिए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को 'री-डिजाइन, री-इमेजिन और री-इन्वेस्ट' के सिद्धांत पर नया स्वरूप दिया जा रहा है, ताकि युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्यमंत्री रविवार को हिसार स्थित गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 7.58 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें छह करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कन्या छात्रावास का शिलान्यास, 1.40 करोड़ रुपये से निर्मित नर्सिंग विभाग भवन का उद्घाटन तथा 18 लाख रुपये की लागत से बने खेजड़ली महाबलिदान स्मृति शिल्प एवं माता अमृता देवी सर्कल का लोकार्पण शामिल है।

## हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा और देश के लिए बड़ी उपलब्धि : नायब

■ मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया

**जींद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रविवार को जींद का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबसे पहले एकलव्य स्टेडियम पहुंच कर कार्यक्रम स्थल के नक्शे का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की धरती से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा और देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के विभिन्न जिलों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**चंडीगढ़।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2027 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### फोन हैक कर 98500 रुपये की साइबर ठगी

**फरीदाबाद।** फोन हैक कर 98500 रुपये की ठगी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 11 जुलाई को मुकेश निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार एसजीएम नगर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 27 मई को उसके व्हॉटसएप पर एक अंजान नंबर से लिंक आया। जिस पर क्लिक करते ही उसका फोन हैक हो गया और उसके खाता से 98,500 रुपये कट गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ईंट-पत्थरों से पिता की हत्या, शव सड़क किनारे छोड़कर फरार हुआ बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




■ अंबाला छावनी में वारदात, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

अंबाला छावनी के बब्याल क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक बेटे ने अपने पिता की कथित रूप से ईंट-पत्थरों से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पिता का शव सड़क किनारे लावारिश हालत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की गतिविधियां कैद होने के बाद जांच तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह बब्याल स्थित शराब के ठेके के पास मुख्य मार्ग पर 62 वर्षीय बुजुर्ग का खून से लथपथ शव मिला। जांच में मृतक की पहचान अर्जुन नगर निवासी हरविंद्र कुमार उर्फ टीटू के रूप में हुई। वह अपने दो बेटों के साथ किराये के मकान में रहता था और एक फैक्टरी में कार्यरत था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शनिवार देर रात हरविंद्र और उसके बड़े बेटे गगन के बीच घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हुआ। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट हुई, जिसमें गगन ने कथित रूप से ईंट-पत्थरों से हमला कर पिता की हत्या कर दी। इसके बाद वह शव को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें सुबह करीब 3.30 बजे आरोपी की गतिविधियां दिखाई दीं। वार्ड नंबर-6 के बूथ प्रधान रवि कुमार ने मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान कराई। जांच अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गगन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद वारदात से जुड़े सभी तथ्यों का खुलासा किया जाएगा।

## ट्रॉले में स्टोव पर खाना बना रहे थे, आग लगने से वाहन जला



फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में काबू पाया

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर संगवाड़ी के पास रविवार दोपहर बाद एक ट्रॉले में लगी आग से ट्रॉला जलकर पूरी तरह राख हो गया। चालक और क्लीनर आग भड़कने से पहले ट्रॉले से सुरक्षित बाहर निकल गए।

फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहे एक ट्रॉला के चालक और क्लीनर सड़क के साइड में ट्रॉला खड़ा करने के बाद केबिन में ही स्टोव जलाकर खाना पका रहे थे। अचानक स्टोव से धधकी आग केबिन में फैल गई। चालक और क्लीनर तुरंत बाहर आ गए। इसी दौरान पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया, परंतु तब तक ट्रॉला जलकर राख हो चुका था। आसपास दूसरे वाहन नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

## गोयल बने 'स्वच्छता ही स्वागत' अभियान के प्रदेश संयोजक

■ 13 से 19 जुलाई तक चलने वाले अभियान की कमान सौंपी

**पंचकूला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने 13 जसे 19 जुलाई तक चलने वाले स्वच्छता ही स्वागत अभियान के लिए प्रदेश समिति का गठन किया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार पंचकूला के पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल को अभियान का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद कुलभूषण गोयल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर वातावरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भाजपा का यह अभियान जन-जन को स्वच्छता से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, पहचान नहीं

**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन से कुछ दूरी पर शनि मंदिर के पास रविवार सुबह अंबाला की ओर से जा रही ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। रेलवे लाइन किनारे शव पड़ा होने की सूचना ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। सूचना के बाद जीआरपी थाने के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल नरेश हुड्डा ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया है। मृतक के शरीर पर कबूतरी व काले रंग की टी-शर्ट मिली, जिस पर अंग्रेजी में किंग लिखा हुआ है और नीले रंग की जींस की पेंट पहन रखी है। पुलिस युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, तीन गिरफ्तार

■ व्हाट्सएप वीडियो कॉल से चेहरा कैप्चर कर बनाई फर्जी वीडियो, जयपुर के युवकों ने 96 हजार वसूले

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 96 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जयपुर (राजस्थान) निवासी धर्मराज, रवि और विक्रम के रूप में हुई है। तीनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रवि पहले स्तर का खाताधारक था, जिसके बैंक खाते में ठगी के 96 हजार रुपये आए थे। इसके बाद 45 हजार रुपये धर्मराज के खाते में ट्रांसफर किए गए। विक्रम ने धर्मराज का बैंक खाता लेकर उसे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था।



### मजदूरी करते-करते ठगने लगे

धर्मराज और विक्रम एक ही गांव के निवासी हैं और मजदूरी करते हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, एनआईटी निवासी पीड़ित ने शिकायत दी थी कि 25 मई की रात करीब दो बजे उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल उठाते ही उसका चेहरा रिकॉर्ड कर लिया गया। इसके बाद साइबर ठगों ने उसका चेहरा अश्लील वीडियो में जोड़कर फर्जी वीडियो तैयार की और उसे वायरल करने की धमकी देकर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से 96 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी जांच और बैंक खातों के विश्लेषण के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

कांग्रेस विधायक सेतिया बोले- प्रभारी बदलते रहे, दिग्गजों की दूरियां नहीं हुईं कम

# नए प्रभारी के सामने भी नहीं थमी अंदरूनी खींचतान

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस में नए प्रभारी की नियुक्ति के बावजूद गुटबाजी और अंदरूनी खींचतान खत्म होती नजर नहीं आ रही है। पार्टी के नए प्रभारी संजय दत्त की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया खुलकर सामने आए और मंच पर नेताओं को बैठाने की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कांग्रेस में समय-समय पर प्रभारी बदलते रहे, लेकिन दिग्गज नेताओं के बीच की दूरियां कम नहीं हो सकीं। बैठक के दौरान सांसद कुमारी सैलजा ने भी संकेतों में कहा कि प्रदेश कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और नेताओं को व्यक्तिगत अहंकार छोड़कर संगठन हित में काम करना होगा। वहीं, प्रभारी संजय दत्त के सामने ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के बीच भी तल्ख टिप्पणियां देखने को मिलीं। सिरसा में मीडिया से बातचीत के दौरान विधायक गोकुल सेतिया ने बिना नाम लिए पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पहले पार्टी को नुकसान पहुंचाया, उन्हें ही मंच पर प्रमुख स्थान दिया गया और अनुशासन का पाठ पढ़ाने का अवसर मिला। सेतिया ने बताया कि मंच के पीछे उनके, देवेंद्र हंस और विकास साहरण के नाम की पर्चियां लगाई गई थीं, जिन्हें उन्होंने हटाकर आगे जाकर बैठना उचित समझा। सेतिया ने संगठन की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 37 विधायक जीतकर आए थे, लेकिन राज्यसभा चुनाव के बाद चार-पांच विधायक पार्टी छोड़ गए। यदि 32 विधायक भी एकजुट नहीं रह पा रहे हैं तो संगठन को मजबूत करना बड़ी चुनौती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ऐसे नेताओं को मंच पर प्रमुखता दी गई, जो अलग-अलग दलों में जाकर फिर कांग्रेस में लौटे हैं।

### बीरेंद्र सिंह की पूनिया से मुलाकात पर फिर अटकलें

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह की भाजपा के हरियाणा मामलों के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया से दिल्ली में हुई मुलाकात भी राजनीतिक चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि बीरेंद्र सिंह ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया, लेकिन मुलाकात के बाद उनके भाजपा की ओर झुकाव को लेकर एक बार फिर अटकलों का दौर शुरू हो गया। राजनीतिक हलकों में इसे उनके बेटे के राजनीतिक भविष्य से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

## प्रदेश प्रभारी संजय दत ने कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक



**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने रविवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ बैठक कर चुनावी अनुभव, संगठन की स्थिति और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत फीडबैक लिया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। संजय दत्त ने बताया कि 19 से 23 जुलाई तक संगठनात्मक दौरे के प्रथम चरण में पंचकूला, यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल का दौरा किया जाएगा। इस दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी उनके साथ रहेंगे।

## वेंटिलेटर न मिलने से बच्चे की मौत मामले में हरियाणा मानवाधिकार आयोग सख्त

### स्वास्थ्य विभाग समेत छह प्राधिकरणों से रिपोर्ट तलब

■ आपातकालीन नवजात चिकित्सा व्यवस्था, रेफरल प्रणाली और अस्पतालों के बीच समन्वय की गंभीर संस्थागत खामी बताया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर उपलब्ध न होने के कारण एक नवजात की कथित मौत के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इसे केवल एक बच्चे की मौत नहीं, बल्कि राज्य की आपातकालीन नवजात चिकित्सा व्यवस्था, रेफरल प्रणाली और अस्पतालों के बीच समन्वय की गंभीर संस्थागत खामी बताया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा, न्यायिक सदस्य कुलदीप जैन और सदस्य दीप भाटिया की पीठ ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, पीजीआईएमएस रोहतक, महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा, सिविल सर्जन हिसार और जिला चिकित्सा लापरवाही बोर्ड हिसार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### पीजीआई रेफर हुआ था

समाचारों के अनुसार हिसार सिविल अस्पताल में जन्मे नवजात को गंभीर श्वसन समस्या होने पर वेंटिलेटर की आवश्यकता थी, लेकिन अस्पताल का एकमात्र नवजात वेंटिलेटर पहले से उपयोग में था। इसके बाद बच्चे को अग्रोहा और फिर पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया, जहां भी आवश्यक सुविधा नहीं मिली। अंततः निजी अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आयोग ने वेंटिलेटरों के रखरखाव, अस्पतालों के बीच समन्वय और रियल-टाइम रेफरल प्रणाली की कमी पर गंभीर चिंता जताई। आयोग ने कहा कि मरीज को रेफर करने से पहले संबंधित अस्पताल में आवश्यक सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सभी संबंधित विभागों को एनआईसीयू, वेंटिलेटरों की उपलब्धता, खराब उपकरणों, रेफरल प्रक्रिया और की गई कार्रवाई पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 1 सितंबर 2026 को होगी।

## खबर संक्षेप

### जल घर के टैंक में नहाते समय डूबने से मौत

**तोशाम।** गांव पिंजोखरा में एक क़रीबन 45 वर्षीय व्यक्ति जलघर के टैंकों में नहाते समय पैर फिसलने से मौत हो गई। व्यक्ति के डूबने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को बाहर निकाला। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर इतिफ़ाकिया कार्रवाई की है। पिंजोखरा निवासी क़रीबन 45 वर्षीय सतपाल गांव की जल घर के टैंकों में नहा रहा था। नहाते समय पैर फिसलने के कारण वह डूब गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### फरीदाबाद पुलिस का बड़ा अभियानः 40 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने विशेष अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में 40 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अंतर्गत की गई इस कार्रवाई के दौरान अपराध शाखा व थाना स्तर की टीमों ने भारी मात्रा में अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध हथियार तथा जुआ-सट्टे से जुड़ी नकदी बरामद की है। बरामद शराब को पुलिस ने कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है।

### हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसो. की बैठक

**फरीदाबाद।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद यूनिट की कार्यकारिणी द्वारा बिजली पेंशनर्स की बैठक का आयोजन जैन स्थानक सेक्टर 7 ई फरीदाबाद में किया गया। सभा की अध्यक्षता फरीदाबाद यूनिट के वित्त सचिव प्रताप सिंह बामल और जिला प्रधान देवी दयाल दिसोदिया ने की। वहीं संचालन जिला सचिव सुभाष चंद त्यागी ने किया। मीटिंग में लिव ट्रेवल कंसेशन की वर्तमान नीति में एक जनवरी 2028 से बदलाव के सरकार के आदेशों पर नाराजगी जताई। प्रदेश सरकार ने चार साल में एक बार एक महीने की पेंशन, एलटीसी के रूप मे देने के आदेश दे रखें है।

*दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई*

# कार चोर गिरोह का भंडाफोड़ फॉर्च्यूनर समेत 12 गाड़ियां बरामद

**हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में गिरोह फर्जी आरसी व नंबर प्लेट लगाकर बेच देता था गाड़ियां**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़/नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल ने लग्जरी कार चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चोरी की गाड़ियों को खरीदकर आगे बेचने वाले पंजाब और राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से फॉर्च्यूनर समेत 12 लग्जरी गाड़ियां बरामद हुई हैं, जिन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थीं और उनके फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी तैयार किए गए थे। कई गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर से भी छेड़छाड़ की गई थी। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, दिल्ली में बढ़ रही लग्जरी कार चोरी की घटनाओं को देखते हुए विशेष टीम बनाई गई थी। टीम ने कई मामलों के सीसीटीवी फुटेज, चोरी का तरीका और समय का विश्लेषण किया। गिरोह ज्यादातर देर रात लग्जरी गाड़ियों को निशाना बनाते थे।



### पंजाब और राजस्थान के दो आरोपी गिरफ्तार

दिल्ली क्राइम ब्रांच की जांच के दौरान सबसे पहले पंजाब के तरनतारन निवासी गुरविंदर सिंह बैंका को पूर्वी दिल्ली के क्राउन प्लाजा होटल के पीछे एमसीडी पार्किंग से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की क्रेटा कार बरामद हुई, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। कार दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके से चोरी हुई थी। पुलिस ने राजस्थान में छापेमारी कर दशरथ बिश्नोई को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से हरियाणा,दिल्ली, पंजाब और राजस्थान में सक्रिय चोरी की गाड़ियों के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

*पंचकूला में लाखों रुपये का साइबर ठगी का पर्दाफाश*

# रिटायर्ड अधिकारी को ठगा दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने एक साइबर ठगी के मामले का खुलासा किया है। इस मामले आरोपियों ने यूके की महिला बनकर रिटायर्ड अधिकारी से करीब 13.10 लाख का चूना लगाया है। पुलिस ने जिम्बाब्वे और नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिकों को बहादुरगढ़ से गिरफ्तार किया है। जिम्बाब्वे निवासी तापिवा स्टूडेंट और नाइजीरिया निवासी केनेथ मेडिकल वीजा पर भारत में रह रहा था। साइबर क्राइम थाना पंचकूला की टीम ने दोनों को कोर्ट से पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। उनके कब्जे से साइबर ठगी में इस्तेमाल मोबाइल व सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। 63 वर्षीय सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी अधिकारी ने 20 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। दिसंबर 2025 में फेसबुक से महिला ने संपर्क कर स्वयं को यूके की निवासी बताया। बाद में व्हाट्सएप पर बातचीत के जरिए विश्वास जीतकर फर्जी फार्मा उत्पाद कारोबार में निवेश करने पर तीन गुना मुनाफा देने का झांसा देकर दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच अलग-अलग खातों में 13.10 लाख ट्रांसफर करा लिए गए।

### दोनों बहादुरगढ़ से पकड़े गए



डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि काफी समय बीतने के बावजूद न तो कोई उत्पाद मिला और न ही मुनाफा। इसके बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर साइबर थाना पंचकूला में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह और जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर जगमीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर बहादुरगढ़ में दबिश देकर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपित ही यूके की महिलाओं के नाम से फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर लोगों से बातचीत करते थे और निवेश के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस आयुक्त पंकज नैन ने बताया कि नाइजीरिया और जिम्बाब्वे के दूतावासों को भी ई-मेल के माध्यम से मामले की जानकारी दे दी गई है। पूछताछ में एक अन्य सह-आरोपित का नाम भी सामने आया है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने देशभर में कितने अन्य लोगों को इसी तरह अपना शिकार बनाया है।

# गुरुग्राम में एआई इंजीनियर ने गर्लफ्रेंड को चाकू से गोदा, खुद भी ट्रेन से कटा

## पीजी में खून से लथपथ मिली युवती, स्टेशन के पास दो हिस्सों में मिला युवक का शव

*इस दिल दहला देने वाली वारदात की असली वजह क्या थी, दोनों के बीच रिश्ता किस मोड़ पर था और यह अचानक हुआ हमला था या सोची-समझी साजिश, पुलिस अब इसकी जांच में जुटी है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

सेक्टर-56 एरिया में पीजी में गर्लफ्रेंड की चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरु कर दी। पुलिस दोनों के बीच संबंधों और विवाद के कारणों की गहन जांच कर रही है। दरअसल, सेक्टर-56 थाना पुलिस को यूपी के सीतापुर से आए मो. उसमान ने शिकायत दी कि उनकी 24 वर्षीया बेटी इशारा अयुबी का कुछ पता नहीं चल रहा है और वह उनकी कॉल नहीं उठा रही है। जिसके बाद पुलिस ने युवती के मोबाइल नंबर को ट्रेस किया और सेक्टर-55 स्थित पीजी पहुंची। जहां छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी 25 वर्षीय श्रेष्ठ मलिक रहता था। वह गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी घटना की जानकारी होने से इनकार कर दिया।

**युवक छत्तीसगढ़ और लड़की यूपी की रहने वाली**

**पुलिस मोबाइल, चैट और कॉल डिटेल खंगाल रही**



### तकनीकी साक्ष्यों को भी जांच रही पुलिस

सेक्टर-56 थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच क्या संबंध थे और घटना के पीछे क्या कारण रहे, इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही किया जाएगा। पुलिस दोनों के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल, चैट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। हमने युवती के परिजनों को सूचना भिजवा दी है। युवक के परिवार वालों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों की कॉल डिटेल और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे है, ताकि पूरे घटनाक्रम का पता चल सके। इस मामले में जीआरपी पहले से कार्रवाई कर रही थी और मृतक की पहचान उसके पास मिले मोबाइल फोन से हुई थी। जीआरपी थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम कराकर उसके परिवार को सौंप दिया गया।

### दरवाजा बंद था, अंदर खून से लथपथ शव मिला

इसके बाद पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया। अंदर पहुंचने पर युवती का शव खून से लथपथ हालत में मिला। कमरे के फर्श पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवती की चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना से पहले आगे की जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि गढ़ी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर श्रेष्ठ मलिक का शव मिला था। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव दो हिस्सों में बंट गया था।

### एक ही कंपनी में जॉब करते थे

पुलिस को शुरुआती जानकारी मिली है कि युवक और युवती सेक्टर-59 में स्थित एक ही कंपनी में जॉब करते थे। युवती तीन दिन पहले सेक्टर 57 से अपना रूम खाली करके श्रेष्ठ के सेक्टर-55 स्थित क्लाउड नाइन नाम के पीजी स्थित उसके रुम में शिफ्ट हो गई थी।

**आईईडी से थाने में विस्फोट का मामला**

# एनआईए ने दाखिल की चार्जशीट आतंकी भट्टी मुख्य साजिशकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

अंबाला शहर के बलदेव नगर थाने में कुछ महीने पहले हुए धमाके के सिलसिले में पाक आतंकी शहजाद भट्टी समेत आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। चार्जशीट में शहजाद भट्टी को ही मुख्य साजिशकर्ता करार दिया है। बता दें कि इसी साल जनवरी में बलदेव नगर में एक कार में आईईडी रखकर विस्फोट किया था। हालांकि इस धमाके में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ था। एनआईए की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से साजिश रचकर पुलिस स्टेशन की पार्किंग में आईईडी विस्फोट को अंजाम देने की योजना बनाई थी।

एनआईए ने मामले में आतंकी शहजाद भट्टी को साजिश का मुख्य गुनाहगार बताया है। मामले में जांच एजेंसी ने सात भारतीय नागरिकों करमजीत सिंह उर्फ टोनी, आकाश, सौरभ उर्फ सोबी, रमन कुमार, सत्यम, सुखदेव सिंह उर्फ सुखा और अमरजीत सिंह उर्फ अंबी को भी आरोपी बनाया है। एनआईए ने इन सभी को बम विस्फोट की साजिश में शामिल पाया है। जांच एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच अभी भी जारी है। यदि जांच के दौरान अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एजेंसी की मानें तो डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक, दस्तावेजी और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि हमले के दौरान शहजाद भट्टी लगातार भारत में मौजूद अपने सहयोगियों के संपर्क में था। एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चार्जशीट दाखिल की है। मामले में आतंकी फंडिंग और अन्य संदिग्ध संपर्कों की जांच अभी जारी है।



अंबाला। बलदेव नगर थाने में खड़ी कार।

- धमाके में सात भारतीय नागरिकों की साजिश भी बेनकाब
- सात महीने पहले बलदेव नगर थाने में कार से हुआ था धमाका

*फोर लिफ्टिंग मशीन की चपेट में आई थी*

# पानीपत में राइस मिल में महिला मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत की पसीना रोड स्थित पसीना कलां रोड स्थित नेचर पर्ल्स राइस मिल में हादसे में महिला कर्मचारी पचास वर्षीय अंजू पत्नी हरपाल निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत की मौत हो गई।

पुलिस की जांच में पता चला कि अंजू की फॉर्कलिफ्ट यानि फोर लिफ्टिंग मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। अंजू का चिंताजनक हालत में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, पति हरपाल की शिकायत पर जहां थाना हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 पुलिस ने फॉर्कलिफ्ट मशीन ऑपरेटर अशोक निवासी गांव शिमला गुजरान जिला पानीपत समेत मिल के संचालकों पर केस दर्ज किया। वहीं अंजू के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

**मशीन ऑपरेटर व कंपनी अधिकारियों पर केस दर्ज**

*यमुनानगर की शक्ति कॉलोनी की घटना*

# बेड पर सो रही युवती को सांप ने डंसा, मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित शक्ति कॉलोनी में शनिवार रात सांप के डसने से 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान शबनम के रूप में हुई है। रविवार सुबह वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घर में सांप की तलाश शुरू की। मृतका की बहन श्वेता ने बताया कि उसके पिता लेबर का काम करते हैं। वह कॉलोनी में किराए के घर में रह रहे हैं। रात को कमरे में बेड पर तीनों बहनें व मां सो रही थी, जबकि भाई जमीन पर लेटा था। रात करीब पौने एक बजे शबनम अचानक उठी और मां से कहा कि गर्दन पर किसी चीज ने काट लिया है। मां ने तुरंत लाइट जलाई तो देखा कि एक सांप बेड से नीचे उतर रहा था।

### वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम घर पर पहुंची



परिजन शबनम को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर रविवार सुबह वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम पहुंची। वाइल्ड लाइफ विभाग के कर्मचारी मोहित ने बताया कि टीम घर में सांप की तलाश कर रही है, ताकि उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ा जा सके और यह पता लगाया जा सके कि वह किस प्रजाति का था।

**कार्रवाई** हरियाणा के चार विश्वविद्यालयों के कर्मियों ने लगाई थी याचिका

# 3600 ग्रेड पे पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब, 24 अगस्त को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सहित हरियाणा के चार विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को हरियाणा सिविल सचिवालय के समान 3600 ग्रेड पे देने से जुड़े बहुचर्चित मामले में शनिवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने हरियाणा सरकार से जवाब तलब करते हुए अगली सुनवाई 24 अगस्त 2026 को अर्जेंट केस सूची में निर्धारित की है।

यह सुनवाई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां तथा चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के सहायकों द्वारा दायर अवमानना याचिकाओं पर हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि 15 जुलाई 2019 को हाईकोर्ट ने कर्मचारियों का ग्रेड पे 3600 से घटाकर 3200 करने वाले अध्यादेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन सात वर्ष बीतने के बावजूद सरकार ने आदेश की पूर्ण अनुपालना नहीं की। सुनवाई के दौरान उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से आरटीआई के तहत उपलब्ध कराई गई जानकारी भी अदालत के समक्ष रखी गई। इसमें स्पष्ट किया गया कि निदेशालय के पास ऐसा कोई नियम नहीं है, जिसके आधार पर विश्वविद्यालय कर्मचारियों के 3600 ग्रेड पे संबंधी पे-रिफिक्सेशन चार्ट का डबल ऑडिट करने का अधिकार हो।




अदालत ने इस दस्तावेज को रिकॉर्ड पर ले लिया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से पेश अधिवक्ता ने बताया कि 6 जून 2026 को महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को पत्र भेज कर हाईकोर्ट के आदेशों के पालन का आग्रह किया जा चुका है। वहीं सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा।

### 11 वर्षों से कर रहे संघर्ष



देवेंद्र सचदेवा।

याचिकाकर्ता एवं सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव देवेंद्र सचदेवा ने कहा कि कर्मचारी पिछले 11 वर्षों से अपने वैधानिक अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनका आरोप है कि डबल ऑडिट का आधार ही नहीं होने के बावजूद आदेशों के पालन में अनावश्यक देरी की जा रही है, जो न्यायालय की अवमानना के समान है।

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
GOVERNMENT OF INDIA
NIOS

कौशल भी शिक्षा भी
आईटीआई करो, 10वीं/12वीं भी साथ में पूरी करो।



आईटीआई छात्रों एवं उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए एक सुनहरा अवसर

एक छात्र, दो योग्यताएँ

कौशल + शिक्षा = असीमित संभावनाएं

NIOS के माध्यम से आईटीआई प्रशिक्षण के साथ 1-2 अतिरिक्त विषय पढ़कर 10वीं/12वीं की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करें:
अधिक जानकारी के लिए निकटतम आईटीआई संस्थान से संपर्क करें

प्रशिक्षु श्रेणियाँ एवं लाभ

दो साल के आईटीआई छात्र
(जिन्होंने 8वीं या 10वी के बाद प्रवेश लिया है)
- आपके चार ट्रेड विषयों को एनआई.ओएस द्वारा क्रेडिट के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी
- आपको केवल एक अतिरिक्त एनआईओएस विषय (भाषा) का अध्ययन करना होगा

1 साल के आईटीआई छात्र
(जिन्होंने 8वीं या 10वी के बाद प्रवेश लिया है)
- आपके तीन ट्रेड विषयों को एनआईओएस द्वारा क्रेडिट के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी
- आपको केवल दो अतिरिक्त एनआई.ओएस विषयों (एक भाषा एवं एक अन्य विषय) का अध्ययन करना होगा

प्रमुख लाभ
- पृथक विद्यालयी उपस्थिति (स्कूल अटेंडेंस) की आवश्यकता नहीं
- आईटीआई प्रशिक्षण के साथ-साथ कक्षा 10वीं अथवा 12वीं की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने का अवसर
- उच्च शिक्षा एवं डिग्री महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु मार्ग प्रशस्त
- विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं रोजगार अवसरों के लिए पात्रता
- एनआईओएस द्वारा लचीली एवं ऑन-डिमांड परीक्षा प्रणाली
- देश के सभी विश्वविद्यालयों एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र

आपकी सफलता की यात्रा - 6 सरल चरण
1. आईटीआई/एनएसटीआई (CTS ट्रेड) में प्रवेश प्राप्त करें
2. एनआईओएस में ऑनलाइन पंजीकरण कराएं
3. टीओसी (TOC) के माध्यम से आईटीआई विषयों का क्रेडिट मानचित्रण कराएँ
4. आईटीआई परिसर स्थित SAIASD केंद्र में NIOS विषयों का अध्ययन करें।
5. 1/2 अतिरिक्त विषयों की परीक्षा दें
6. एनआईओएस से कक्षा 10वीं/12वीं का प्रमाणपत्र प्राप्त करें

For more information Scan QR Code
CBC 63101/13/0005/2627

